कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

www.kota.rajasthan.gov.in

क्रमांकः राजस्व/2022/3160 दिनांकः 11.01.2022

श्री नरेन्द्र कुमार मीणा,
विमानपत्तन निदेशक,
कोटा हवाई अड्डा,
कोटा

विषयः– कोटा में प्रस्तावित नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में ।

प्रसंगः– आपका पत्रांकः भाविप्रा/कोटा/नवीनएयरपोर्ट/22/11 दिनांक 10.01.2022

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भविष्य की आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुये कोटा शहर के निकट **"नवीन ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट"** का निर्माण प्रस्तावित है । इसके लिए कोटा जिले / नगर विकास न्यास, कोटा की परिधीय सीमा में गैर वन भूमि की उपलब्धता का परीक्षण किया गया था किन्तु उक्त एयरपोर्ट के निर्माण हेतु तकनीकी मापदण्डों के अनुसार वांछित एक Single patch में आवश्यक 500 है0 क्षेत्रफल की गैर वन भूमि उपलब्ध नहीं पाई गई । इस कारण से नगर विकास न्यास, कोटा की परिधीय सीमा में स्थित उपयुक्त पहुंच मार्ग वाली बून्दी जिले के राजस्व ग्राम तुलसी, कैथूदा, बालापुरा एवं देवरिया में स्थित 466.592 है0 वन भूमि 33.408 है0 गैर वन भूमि (खातेदार नगर विकास न्यास, कोटा) कुल 500 है0 भूमि को तकनीकी परीक्षण उपरांत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित किया गया है ।

जिला कलक्टर,
कोटा